# बाढ़ राहत को ले मुख्यमंत्री योगी ने गठित की 'टीम-11'

## बाढ़ प्रभावित 12 जिलों के लिए 11 प्रभारी मंत्रियों की तैनाती

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ:** प्रदेश में बाढ़ की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत व बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए अपने मंत्रियों की एक विशेष 'टीम-11' का गठन किया है। यह टीम बाढ़ प्रभावित 12 जिलों में राहत कार्यों की निगरानी करेगी। मुख्यमंत्री ने सभी प्रभारी मंत्रियों को तत्काल अपने-अपने जिलों का दौरा कर राहत शिविरों का निरीक्षण करने और वहीं रात्रि प्रवास करने के निर्देश दिए हैं। कहा है कि सभी मंत्री प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद स्थापित कर जमीनी स्थिति की समीक्षा करें।

जिलों के डीएम, एसपी, सीएमओ सहित समस्त वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में रहें और 24 घंटे निगरानी व्यवस्था सक्रिय रखें। मुख्यमंत्री ने तटबंधों की 24 घंटे निगरानी, जलभराव वाले गांवों से पानी की शीघ्र निकासी, राहत शिविरों में भोजन, दवा, शौचालय, साफ-सफाई और महिलाओं व बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि बाढ़ से किसी भी जिले में जनहानि न हो।

टीम-11 में प्रयागराज, मीरजापुर व बांदा के लिए नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी', जालौन के लिए स्वतंत्र देव सिंह व संजय गंगवार, औरैया के लिए स्वतंत्र देव सिंह व प्रतिभा शुक्ला, हमीरपुर के लिए रामकेश निषाद, आगरा के लिए जयवीर सिंह, वाराणसी के लिए सुरेश खन्ना, कानपुर देहात के लिए संजय निषाद, बलिया के लिए दया शंकर मिश्रा 'दयालु', इटावा के लिए धर्मवीर प्रजापति और फतेहपुर के लिए अजीत पाल को प्रभारी मंत्री बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राहत सामग्री और भोजन पैकेट की आपूर्ति समयबद्ध और गुणवत्तायुक्त होनी चाहिए। किसी भी स्थिति में खाद्यान्न की गुणवत्ता या मात्रा से समझौता न किया जाए। बाढ़ के कारण फसल तथा कटाव से भूमि के नुकसान, गृहस्थी का सामान नष्ट होने आदि सभी मामलों में 24 घंटे के अंदर सहायता राशि प्रदान की जाए। यह सहायता स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के माध्यम से ही वितरित की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि किसानों की फसलों का त्वरित सर्वेक्षण कराया जाए। जलभराव वाले गांवों में पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और चारे व उपचार की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। सभी चिकित्सालयों में एंटी स्नेक वेनम व एंटी रेबीज इंजेक्शन की उपलब्धता रहे और त्वरित उपचार की सुविधा दी जाए। आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राहत आयुक्त द्वारा जारी अर्ली वार्निंग अलर्ट को संबंधित जिलों की जनता तक तत्काल पहुंचाया जाए। सभी विभाग आपदा प्रबंधन के प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन करें।

शहरी क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका को देखते हुए नालों की सफाई और पंपिंग स्टेशनों को क्रियाशील रखा जाए। वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति के लिए जेनरेटर की व्यवस्था की जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर त्वरित सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।


योगी आदित्यनाथ का फाइल फोटो।

# पति मुखिया के प्रतिनिधि, पत्नी ले रही मनरेगा से मजदूरी

सूर्य प्रकाश तिवारी● जागरण

- प्रयागराज में ग्राम पंचायत बिसानी का मामला, बीडीओ की जांच में घोटाले का राजफाश
- बाहर रह रहा शख्स भी करता मिला काम, रोजगार सेवक का एक महीने का काटा मानदेय

**प्रयागराज :** मजदूरों को रोजगार मिले या नहीं, लेकिन ग्राम प्रधान व उनके प्रतिनिधि बनकर घूम रहे करीबियों के नाते-रिश्तेदार मुफ्त में मजदूरी उठा रहे हैं। मऊआइमा ब्लाक की बिसानी उर्फ सिकोहाबाद ग्राम पंचायत में ऐसा ही एक मामला पकड़ में आया है, जहां प्रधान प्रतिनिधि की पत्नी की तीन दिन हाजिरी भरी गई थी, लेकिन उनके काम करने के कोई प्रमाण नहीं मिले। यही नहीं, जांच में अन्य राज्य में रह रहे शख्स को भी गांव में मजदूरी करता पकड़ा गया। घोटाले की पुष्टि के बाद तीनों दिन के मस्टर रोल शून्य कर दिए गए हैं। रोजगार सेवक का एक महीने का मानदेय भी काट दिया गया।

बिसानी उर्फ सिकोहाबाद में चल रहे इस खेल की शिकायत उपायुक्त मनरेगा गुलाब चंद्र तक पहुंची थी। उनके निर्देश पर बीडीओ उमेश सिंह ने दो अफसरों की टीम बनाकर जांच कराई। जांच टीम ने 28, 29 और 30 जुलाई को आनलाइन भरे गए मस्टर रोल की जांच की। 28 को 24, 29 को 38 व 30 जुलाई को 28 मजदूरों की हाजिरी लगी थी। जांच में पता चला कि गोबिंदा नाम के एक मजदूर की हाजिरी भरी गई है, लेकिन वह गांव में है ही नहीं। वह रोजी-रोटी के चक्कर में कई दिन पहले कमाने के लिए किसी दूसरे प्रदेश में गया है। उपस्थित दिखाए गए मजदूरों में एक नाम ज्योति यादव का था। इनके बारे में टीम ने छानबीन की तो पता चला कि यह कभी मजदूरी करती ही नहीं। प्रधान के प्रतिनिधि अनिल यादव की पत्नी होने के कारण इनकी सिर्फ हाजिरी भरी जा रही है। इसी तरह कई अन्य मजदूरों की फर्जी हाजिरी भरने की पुष्टि हुई। घोटाले के खुलासे के बाद बीडीओ ने तीनों दिन भरे गए सभी 12 मस्टर रोल शून्य करा दिए हैं।

रोजगार सेवक लालता प्रसाद का जुलाई महीने का मानदेय काट दिया गया है। इसके अलावा तकनीकी सहायक (टीए) मानिकचंद्र व ग्राम पंचायत के सचिव अनुराग सरोज को चेतावनी जारी की गई है। बीडीओ मऊआइमा उमेश सिंह के अनुसार बिसानी उर्फ सिकोहाबाद में ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि की पत्नी व कई अन्य मजदूरों की फर्जी हाजिरी भरी गई थी। इस पर तीन दिन के मस्टर रोल शून्य कर दिए गए हैं। रोजगार सेवक का मानदेय काट दिया गया है।

# बदायूं जेल में हत्यारोपित की पिटाई, हेड वार्डर समेत तीन पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बदायूं :** तिहरे हत्याकांड के आरोपित रविंद्र दीक्षित की जेल में पिटाई में हेड वार्डर व दो सिपाहियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इस प्रकरण में हेड वार्डर नवीन दीक्षित को पिछले सप्ताह निलंबित, जबकि सिपाही शिवम मिश्रा व जयचंद को पीलीभीत जेल में अटैच किया जा चुका है। जेलर ने दोनों सिपाहियों की रिपोर्ट बनाकर बरेली सेंट्रल जेल अधीक्षक को भेजी थी, उनके आदेश पर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। रविंद्र दीक्षित और उसके साथियों ने नवंबर 2022 में सपा नेता राकेश गुप्ता के घर में घुसकर गोलियां चलाई थीं। इस हमले में राकेश, उनकी मां और पत्नी शारदा की हत्या की गई थी।

रविंद्र और उसके बेटे सार्थक को जेल भेजा गया था। नौ जून 2025 को रविंद्र लाइन में खड़े होकर दूसरे बंदियों से बात कर रहा था। अन्य बंदियों की गिनती कर रहे नवीन दीक्षित ने उससे बात नहीं करने को कहा तो नोकझोंक होने लगी। आरोप है कि रविंद्र बैरक में पहुंचा तो सिपाही शिवम व जयचंद जेलर के बुलाने का बहाना कर उसे बुलाकर ले गया।

बाद में हेड वार्डर के कमरे में ले जाकर तीनों ने पीटा। पांच दिन बाद, रविंद्र की पत्नी अर्चना ने अधिकारियों से शिकायत की, जिसके बाद हेड वार्डर को निलंबित किया गया और दोनों सिपाही बैरक से हटा दिए गए।

## समाचार सार

### बाल कांवड़यात्रा में 90 से अधिक बच्चों ने लिया हिस्सा


बाल कांवड़ियों के साथ विधायक टंकधर त्रिपाठी● जागरण

**संसू, जागरण● झारसुगुड़ा :** रविवार को झारसुगुड़ा के सरबहाल रोड पर एक अनोखा नजारा देखने को मिला जब भगवान शिव की भक्ति में लीन बाल भक्तों के एक समूह ने कबाड़यात्रा निकाली। वे केसरिया वस्त्र पहने हुए थे और अपने कंधों पर बहंगी में जल लेकर चल रहे थे। वे बोलबम के जयकारे के साथ सरबहाल रोड पर तीन से 13 वर्ष की आयु के कबाड़ियाओं के पिछे पुलिस की टीम भी सुरक्षा के लिए तैनात थी। उनके माता-पिता उनके पीछे चल रहे थे। विधायक टंकधर त्रिपाठी बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए उनके साथ थे। पिछले दो वर्षों से एकल अभियान संस्कार शिक्षा के अंतर्गत पंमुखी शिक्षा के तहत बच्चों को सनातन धर्म की शिक्षा देने के लिए इस बाल कबाड़ यात्रा का आयोजन कर रहा है।

### सेवा भारती की झारसुगुड़ा शाखा का शुभारंभ


सेवा भारती झारसुगुड़ा शाखा का उद्घाटन करतीं वरिष्ठ महिलाएं ● जागरण

**संस, जागरण● झारसुगुड़ा :** सेवा भारती की झारसुगुडा शाखा का स्थानीय मारवारी पारा स्थित ब्रम्हचारी मंदिर के बगल में एक भवन में इसका शुभारंभ प्रमिला गांधी, सन्तोष देवी, अंचल मिश्रा व गुलापीमयी दास ने किया। झारसुगुड़ा के नगर संघ चालक सुरेश गांधी कि अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रमिला गांधी ने इस अवसर पर बताया की सेवा भारती एक ऐसी संस्था है जो हमेशा से लोगों कि मदद में तत्पर रहती है। और हमने करोना काल में जब लोग घर से निकलने में डरते थे तभी सेवा भारती ने दिन-रात पिड़ितो कि मदद में आगे रही थी।

# फर्जी बैंक गारंटी रैकेट मामले में ईडी ने किया गिरफ्तार

- एक कंपनी के लिए 68 करोड़ की कथित गारंटी भी शामिल
- मामला भुवनेश्वर स्थित बिस्वाल ट्रेडलिंक नामक कंपनी से है जुड़ा

**जागरण संवाददाता, भुवनेश्वर :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक ओडिशा-आधारित कंपनी के प्रबंध निदेशक को गिरफ्तार किया है। जो कथित तौर पर व्यापार समूहों के लिए 'फर्जी' बैंक गारंटी जारी करने का रैकेट चला रही थी। इसमें रिलायंस ग्रुप की एक कंपनी के लिए 68 करोड़ की कथित गारंटी भी शामिल है। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी।

यह मामला भुवनेश्वर स्थित बिस्वाल ट्रेडलिंक नामक कंपनी से जुड़ा है। ईडी ने इस मनी लांड्रिंग केस में शुक्रवार को छापेमारी की थी।कंपनी के प्रबंध निदेशक पार्थ सारथी बिस्वाल को शुक्रवार को भुवनेश्वर से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया। अदालत ने उन्हें छह अगस्त तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी की यह कार्रवाई दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा नवंबर 2024 में दर्ज एक एफआईआर पर आधारित है। शुक्रवार को ईडी ने कंपनी के भुवनेश्वर में तीन ठिकानों और कोलकाता में एक सहयोगी इकाई पर छापेमारी की थी। सूत्रों के अनुसार, कंपनी आठ प्रतिशत कमीशन के बदले फर्जी बैंक गारंटी जारी करती थी। ईडी ने बताया कि 68.2 करोड़ की एक फर्जी बैंक गारंटी को सोलर एनर्जी कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआइ) को रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड (रिलायंस पावर की एक सहायक कंपनी) की ओर से जमा किया गया था। ईडी ने हाल ही में अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस ग्रुप की मुंबई स्थित कंपनियों पर छापेमारी के दौरान इस लेनदेन से जुड़े कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं।

रिलायंस ग्रुप के प्रवक्ता ने कहा कि रिलायंस पावर इस मामले में धोखाधड़ी, जालसाजी और साजिश का शिकार हुई है और इस बारे में सात नवंबर 2024 को स्टाक एक्सचेंजों को जानकारी दी गई थी। उन्होंने बताया कि कंपनी ने अक्टूबर 2024 में दिल्ली पुलिस ईओडब्ल्यू में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई थी और अब कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। ईडी को कई अन्य कंपनियों के साथ इस तरह के संदिग्ध लेनदेन के सुराग मिले हैं और इसकी जांच चल रही है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी के कई अघोषित बैंक खाते पाए गए हैं और इसके लेनदेन इसकी घोषित आय के अनुपात में नहीं हैं। अब तक करीब सात अघोषित बैंक खाते सामने आए हैं। जांच में पता चला कि कंपनी ने एसबीआइ (एसबीआइ.को.इन) जैसा दिखने वाला एक फर्जी डोमेन (एस-बीआइ.को.इन) बनाया था ताकि यह दर्शाया जा सके कि ईमेल भारत के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक से आ रहे हैं।

# जिला शिक्षक संघ ने शिक्षा सचिव को भेजा ज्ञापन

> बिना उचित प्रशिक्षण व सरकारी संसाधनों के इस प्रकार की व्यवस्था लागू करना शिक्षकों पर अनावश्यक भार डालने जैसा है

**संवाद सूत्र, जागरण● ब्रजराजनगर :** झारसुगुड़ा जिला प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्कूल एवं जन शिक्षा विभाग ओडिशा के सचिव को झाडसुगुडा जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों से उनके निजी संसाधनों की मदद से एकीकृत उपस्थिति प्रणाली (यूएएस) लागू कराने पर आपत्ति जताई है।

संघ की ओर से बताया गया कि 12 जुलाई 2025 को पारित प्रस्ताव संख्या 57 के अनुसार, झारसुगुड़ा जिले में इस प्रणाली के क्रियान्वयन का शिक्षक संघ विरोध करता है। उनका कहना है कि बिना उचित प्रशिक्षण और सरकारी संसाधनों के इस प्रकार की व्यवस्था लागू करना शिक्षकों पर अनावश्यक भार डालने जैसा है। संघ ने मांग की है कि इस प्रणाली को केवल शासकीय संसाधनों की सहायता से ही लागू किया जाए। इस ज्ञापन पर संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार नाइक एवं महासचिव राजकिशोर जेना के हस्ताक्षर हैं।

**महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768 020, जिला - सम्बलपुर, ओडिशा
दूरभाष (ईपीएबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

संदर्भ संख्या एमसीएल/एसबीपी/ईई/2023/सलाहकार (चिकित्सा)/4347 दिनांक : 28.07.2025

**पूर्णकालिक सलाहकार (चिकित्सा) के लिए अनुबंध आधारित नियुक्ति हेतु सूचना**

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) में पूर्णकालिक सलाहकार (चिकित्सा) के एक पद पर अनुबंध आधारित नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन केवल सीआईएल और इसके सहायक कंपनियों, पीएसयू/ सार्वजानिक उपक्रम (केंद्र/राज्य सरकार) से सेवानिवृत्त चिकित्सकों से आमंत्रित किए जा रहे हैं। उम्मीदवार की अनुबंध अवधि के दौरान आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। योग्यता, अनुभव, कार्य विवरण एवं आवेदन प्रारूप सहित विस्तृत सूचना www.mahanadicoal.in वेबसाइट के MCL>Careers >Recruitment अनुभाग एवं सीआईएल की वेबसाइट www.coalindia.in पर उपलब्ध है।

**आवेदन प्रपत्र की प्राप्ति की अंतिम तिथि 12.08.2025 शाम 5:00 बजे तक है।**

आवेदन प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र एवं सभी संबंधित दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों के साथ आवेदनकर्ता द्वारा जनरल मैनेजर (एचआर/ईई), महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, एट/पो: जागृति विहार, बुर्ला, जिला: संबलपुर- 768020, ओडिशा पर या ईमेल आईडी gm-ee.mcl@coalindia.in पर भेजा जाना है।

हस्ता/-
महाप्रबंधक (मानव संसाधन/अधिकारी स्थापना)
एमसीएल मुख्यालय, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर
(R-5261)

# राज्य के 35 लाख किसानों के खाते में सरकार ने डाले 697 करोड़ रुपये

**जागरण संवाददाता, भुवनेश्वर :** ओडिशा के लगभग 35 लाख किसानों के खाते में मोहन माझी सरकार ने 697 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी कृषि एवं किसान सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम में शामिल हुए और प्रदेश के किसान भाई-बहनों को पीएम किसान सहायता राशि की 20वीं किस्त सौंपी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मौजूद पीएम किसान की किस्त के रूप में देशभर के 9.7 करोड़ किसानों को कुल 20,500 करोड़ रुपये दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर में भाकृअनुप-सीफा में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया और 34 लाख 85 हजार से अधिक किसानों को सहायता वितरित की। सभी पात्र लाभार्थियों को 2,000 रुपये की दर से कुल 697 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनता की और किसान भाई-बहनों की सरकार है। हमारी सरकार ने सिर्फ एक साल में आपके लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। आप भी इसका लाभ उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री किसान के नेतृत्व में, हमारे राज्य में 50 लाख से अधिक किसानों को प्रति वर्ष 4,000 रुपये मिल रहे हैं। पीएम किसान और सीएम किसान सहित किसान भाइयों को प्रति वर्ष 10,000 रुपये दिए जा रहे हैं। पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त इस साल अप्रैल से जुलाई की अवधि के लिए जारी की जा रही है। यह पैसा सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया जा रहा है। पारदर्शिता बनाए रखी जाती है क्योंकि इस प्रक्रिया में सूचना और प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाता है। इसमें सभी किसान चाहे वह छोटे किसान हों या मझोले किसान हों, बड़े किसान हों, इसका लाभ सभी को मिल रहा है। शहरी किसानों को भी इस स्कीम के अंतर्गत शामिल किया गया है। हम इस दिन को देश और राज्य में "पीएम किसान दिवस" के रूप में मना रहे हैं।

प्रदेश के सभी जिलों, प्रखंडों और पंचायतों में भी पीएम किसान दिवस मनाया जा रहा है। मेरा लक्ष्य सभी योग्य किसानों को पीएम किसान योजना में शामिल करना है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने कहा कि ओडिशा को 'एग्रीकल्चर टुडे' पुरस्कार मिला है। 34,85,881 किसानों को 697 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का प्रयास कर रही है। उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने कहा कि पैसा कमाने के साथ-साथ स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए जैविक खेती करने की जरूरत है। प्रमुख सचिव कृषि डॉ. अरविंद पाढ़ी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि पिपली विधायक अश्रित पटनायक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रभात कुमार राउल, मत्स्य व पशुधन विकास विभाग के प्रधान सचिव उपस्थित थे।

### 31 अगस्त को होगी विशेष ओटीईटी परीक्षा

**संवाद सूत्र, जागरण● ब्रजराजनगर :** विशेष ओडिशा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसओटीईटी)-2025, जो पूर्व में स्थगित हुई थी, अब 31 अगस्त 2025 (रविवार) को आयोजित की जाएगी। बोर्ड आफ सेकेंडरी एजुकेशन, ओडिशा द्वारा जारी सूचना के अनुसार, पेपर-1 सुबह 9:00 से 11:30 बजे तक और पेपर-2 दोपहर 2:00 से 4:30 बजे तक होगा।

**पंजाब सरकार**

पंजाब स्मॉल इंडस्ट्रीज एण्ड एक्सपोर्ट कारपोरेशन लि. द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं :-
1. एमयूआईपी कपूरथला में सड़कों का अपग्रेडेशन।
2. एमयूआईपी कपूरथला में साईनेज बोर्डों की व्यवस्था एवं फिक्सिंग और सड़कों की मार्किंग करना।

ऑनलाईन बोली हेतु निविदा की उपलब्धता : 30.07.2025
ऑनलाईन बोलियां प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि एवं समय : 13.08.2025 को प्रातः 11.00 बजे
तकनीकी बोलियां खोलने की तिथि एवं समय : 14.08.2025 को प्रातः 11.00 बजे
विवरण हेतु केवल www.eproc.gov.in पर लॉग ऑन करें।
**टिप्पणी:** इस निविदा सूचना का कोई शुद्धिपत्र केवल उक्त वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा।

अधिशासी अभियंता-IV
पीएसआईईसी, जालंधर
Ro No. : 1616/12/2025-26/1780

# पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**संवाद सहयोगी, जागरण● ब्रजराजनगर :** लखनपुर ब्लाक के चारपाली पंचायत अंतर्गत धुलुंडा गांव स्थित आचार्य मुरलीधर उच्च विद्यालय में "मां के नाम एक पेड़" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रधानाध्यापक रुद्र चरण भोई की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का दायित्व निभाते हुए कनकतोरा वनपाल ललित कुमार अढा तथा टीम लीडर दिलीप प्रधान ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वन विभाग द्वारा प्रदत्त विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए।


मां के नाम पेड़ कार्यक्रम में शामिल अतिथि व छात्र-छात्राएं ● जागरण

### बेलपहाड़ के खलगुड़ा में लगाए गए पौधे

**संवाद सहयोगी, जागरण, ब्रजराजनगर :** पर्यावरण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली बेलपहाड़ की संस्था "वृक्ष के बंधु" नामक संस्था द्वारा बेलपहाड़ के गोमाडेरा के खलगुड़ा इलाके में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों का दायित्व निभाते हुए प्रतिप्रभा कुल्लू, तथा अलीभा तांडी इत्यादि ने पौधारोपण का शुभारंभ किया। वृक्ष का बंधु संस्था के अध्यक्ष जेनामणी सेठ समेत बड़ी संख्या में महिला सदस्यों ने कार्यक्रम में शामिल होकर खलगुड़ा क्षेत्र मे आम, नीम, अनानस, जामुन, करंज इत्यादि विभिन्न प्रजाति के 100 से अधिक पौधे लगाए गए।

## प्रवेश सूचना

### राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली

प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार की सी.टी.एस. योजना में अगस्त, 2025 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ट्रेड, प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए हैं :

| क्र. स. | ट्रेड का नाम | सीटें | प्रशिक्षण की अवधि | प्रवेश योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर | 40 | 1 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 2. | फिजियोथेरपी तकनीशियन | 20 | 1 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 3. | डेंटल लैब तकनीशियन | 16 | 2 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |

**प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखें।**

1. **प्रमाण पत्र :** पाठ्यक्रम के पूरा होने के बाद, सफल प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (NCVT), भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिया जाता है, जो कि केंद्र सरकार/राज्य सरकारों/पीएसयू के अधीन अधीनस्थ पदों और सेवाओं की भर्ती के लिए मान्यता प्राप्त योग्यता है।
2. **चयन प्रक्रिया :** सभी सीटों पर दाखिले 'पहले आओ तथा पहले पाओ' के आधार पर किए जाएंगे।
3. **आयु :** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त 2025 को कम से कम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करें :** उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट www.nitcindia.com से प्रवेश पत्र ऑनलाइन भरकर ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।
   आवेदन विवरणिका को रुपये 200/- का नकद भुगतान करके संस्थान से भौतिक रूप से भी लिया जा सकता है।
   **नोट :** फॉर्म भरते समय रुपये 500/- का अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क भी देय होगा।
5. **छात्रवृत्ति :** प्रवेश के पश्चात् आय प्रमाण पत्र रखने वाले आरक्षित वर्ग के छात्र भारत सरकार की ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति की छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।
6. **बस-पास सुविधा :** सरकार छात्रों को 100 रुपये प्रति माह की दर से रियायती बस-पास सुविधा प्रदान करती है, यह दिल्ली में चलने वाली सभी एसी और गैर-एसी बसों में मान्य है।
7. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट www.nitcindia.com पर लॉग ऑन करें।
8. **प्रवेश की अंतिम तिथि : 18 अगस्त, 2025**

**निदेशक**

**राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली**
30-34, सेवक पार्क, द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन, पिलर नं.-771 के सामने,
मेन नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली - 110059
व्हाट्स ऐप हेल्पलाइन : 9315138815, 011-42828067 (सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक)
वि.स.: रा./ओ./25

